# GOVT. NAVEEN COLLEGE BORI, DIST. DURG (C.G.)

## 6.5.3

1) Annual reports of Institution
2) AISHE certificates
3) University accreditation copies
4) Copies of MoU with other institution

# शासकीय नवीन महाविद्यालय - बोरी, जिला - दुर्ग (छ. ग.)

Government Naveen College, Bori
District Durg (C.G.)
विद्या ददाति विनयम्

# वार्षिक प्रतिवेदन

# सत्र 2020-21

# शासकीय महाविद्यालय बोरी, जिला दुर्ग (छ.ग.)

## वार्षिक प्रतिवेदन सत्र 2020 – 21

### महाविद्यालय का परिचय

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी की स्थापना जन समूह एवं शैक्षणिक जगत की एक दीर्घकालिक मांग के तहत सत्र 2012 -13 से कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय से की गई। इस महाविद्यालय की मांग स्थानीय जन समूह द्वारा लंबे समय से की जा रही थी। जन भावनाओं तथा छात्र हित को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा को प्रोत्साहित करने एवं अंचल के विद्यार्थियों तथा ग्राम बोरी के स्कूलों में अध्ययनरत लगभग 2700 विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा की आवश्यकताओं को देखते हुए जून 2012 में महाविद्यालय की स्थापना की गई है। फरवरी 2016 में महाविद्यालय के नवीन भवन का लोकार्पण हुआ एवं नवीन सत्र 2016-17 से पूर्ण रूप से महाविद्यालय नवीन भवन में संचालित किया जाना प्रारंभ कर दिया गया। सत्र 2017 -18 में महाविद्यालय में पीजी की कक्षा के रूप में एम.कॉम. तथा 2018-19 से एम.ए.(समाजशास्त्र) की अनुमति प्रदान कर क्षेत्र को विशेष सौगात प्रदान की गई थी। स्थापना के प्रथम वर्ष से ही महाविद्यालय ने गुणवत्ता युक्त नियमित कक्षाएं, अनुशासन तथा विशिष्ट शैक्षणिक वातावरण के रूप में अपनी पहचान स्थापित की है। महाविद्यालय के विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास के लिए भी प्रतिबद्ध है।

कोविड-19 महामारी के इस कठिन दौर में भी महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों ने छात्र हित को ध्यान में रखते हुए वीडियो लेक्चर तैयार किए, पीपीटी तैयार किए गए तथा पीडीएफ पाठ्य सामग्री बनाकर गूगल मीट एवं व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से अनवरत विद्यार्थियों को उपलब्ध कराया गया ताकि उनके शिक्षा में किसी प्रकार की कोई बाधा उत्पन्न ना हो। महाविद्यालय द्वारा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का उपयोग कर शैक्षणिक सत्र 2020- 21 में शिक्षण एवं मूल्यांकन प्रक्रिया को निर्बाध रूप से जारी रखकर एक नया आयाम स्थापित किया है।



Principal
Govt. Neveen College Bori
Dist. Durg (C.G.)

## प्रवेशित छात्र-छात्राओं का विवरण

महाविद्यालय में वर्तमान सत्र 2020-21 में कुल 671 छात्र छात्राओं ने प्रवेश लिया जिसमें 292 छात्रों तथा 379 छात्राओं ने प्रवेश लिया, जिसमें सामान्य वर्ग में 11 छात्र एवं 19 छात्राएं, अनुसूचित जाति में 20 छात्र एवं 37 छात्राएं, अनुसूचित जनजाति में 05 छात्र एवं 06 छात्राएं, अन्य पिछड़ा वर्ग में 256 छात्र एवं 315 छात्राएं, अल्पसंख्यक समुदाय की 02 छात्राएं अध्ययनरत हैं, जिनमें बी.ए. में 140 छात्र एवं 177 छात्राएं, बीएससी में 57 छात्र एवं 100 छात्राएं, बीकॉम में 60 छात्र एवं 73 छात्राएं, एम. कॉम. में 22 छात्र एवं 12 छात्राएं तथा एम. ए. (समाजशास्त्र) में 13 छात्र एवं 17 छात्राएं अध्यनरत है।

## महाविद्यालय परीक्षा परिणाम विश्लेषण

शैक्षणिक सत्र 2019-20 के परीक्षा परिणाम का विश्लेषण

| क्रमांक | कक्षा का नाम | परीक्षा में सम्मिलित छात्र/ छात्राओं की संख्या | उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या | परीक्षा परिणाम का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बी.ए. I | 109 | 109 | 100 % |
| 2 | बी.ए. II | 102 | 102 | 100 % |
| 3 | बी.ए. III | 41 | 41 | 100 % |
| 4 | बी.कॉम I | 36 | 36 | 100 % |
| 5 | बी.कॉम II | 50 | 50 | 100 % |
| 6 | बी.कॉम III | 39 | 39 | 100 % |
| 7 | बी.एस.सी. I | 38 | 38 | 100 % |
| 8 | बी.एस.सी. II | 52 | 52 | 100 % |
| 9 | बी.एस.सी. III | 38 | 38 | 100 % |
| 10 | एम.काम. पूर्व | 09 | 09 | 100 % |
| 11 | एम.काम. अंतिम | 07 | 07 | 100 % |
| 12 | एम.ए. पूर्व | 16 | 16 | 100 % |
| 13 | एम.ए. अंतिम | 24 | 24 | 100% |

शैक्षणिक सत्र 2019 -20 के शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम से स्पष्ट है कि महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए उच्च श्रेणी के शिक्षण सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, साथ ही विद्यार्थियों को अच्छे परिणाम लाने हेतु निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है।



Principal
Govt. Neveen College Bori
Dist. Durg (C.G.)

## महाविद्यालय के लिए आधारभूत अधोसंरचना

1. महाविद्यालय भवन में आधारभूत सुविधाओं की व्यवस्था

महाविद्यालय भवन में विद्यार्थियों हेतु पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध है। विद्यार्थियों हेतु के लिए फर्नीचर युक्त कमरों के साथ-साथ पुस्तकालय, ऑडिटोरियम, प्रयोगशाला, प्रायोगिक उपकरण, खेल का मैदान, साइकिल स्टैंड, पेयजल एवं शौचालय की सुचारू व्यवस्था है। कार्यालय के सुचारू संचालन के लिए कंप्यूटर, प्रिंटर, फोटोकॉपी मशीन तथा जनरेटर उपलब्ध है। साथी कोरोनावायरस संक्रमण से बचाव हेतु महाविद्यालय में सैनिटाइजर डिस्पेंसर मास्क, हैंड ग्लव्स आदि की भी समुचित व्यवस्था की गई।

2. महाविद्यालय का वेबसाइट एवं ऑनलाइन कार्यों की रूपरेखा

महाविद्यालय का स्वयं का वेबसाइट उपलब्ध है, जिसमें विद्यार्थियों के लिए आवश्यक समस्त जानकारियां उपलब्ध कराई जा रही है। वेबसाइट में विद्यार्थियों के लिए प्रवेश मार्गदर्शिका के साथ-साथ विभिन्न विभागों द्वारा संचालित गतिविधियों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जाती है। उल्लेखनीय है कि कोविड-19 महामारी के दौरान अध्यापकों द्वारा तैयार किए गए वीडियो लेक्चर महाविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कराए गए। साथ ही गूगल मीट ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का उपयोग शिक्षण कार्य के लिए किया गया। विभिन्न प्रकार की गतिविधियों हेतु गूगल फॉर्म का प्रयोग किया गया। प्राध्यापकों द्वारा तैयार की गई पाठ्य सामग्री को विद्यार्थियों तक उनके कक्षावार व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से पहुंचाया गया। महाविद्यालय में प्रवेश, परीक्षा, छात्रवृत्ति से सम्बन्धित समस्त कार्य ऑनलाइन संपादित किए जा रहे हैं । उक्त के अतिरिक्त शासन को समस्त पत्राचार ई-मेल द्वारा किए जा रहे हैं।

3. महाविद्यालय में संचालित संकायों की विश्वविद्यालय से स्थाई संबद्धता

महाविद्यालय हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग से सम्बद्ध है। महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर संचालित बी.ए. (120 सीट), बी.कॉम. (100 सीट) तथा बी.एस.सी (बायो) (60 सीट) स्थाई संबद्धता विश्वविद्यालय से प्राप्त कर ली गई है। साथ ही नवीन प्रारम्भ हुए विषयों बी.एस.सी (गणित), एम.कॉम. तथा



Principal
Govt. Neveen College Bori
Dist. Durg (C.G.)

एम.ए.(समाजशास्त्र) की अस्थाई संबद्धता भी प्राप्त कर ली गई है एवं इन विषयों की स्थाई संबद्धता हेतु प्रक्रिया जारी है।

4. महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया

महाविद्यालय में विद्यार्थियों का प्रवेश शासन के नियमानुसार, आरक्षण नीति का पालन करते हुए मेरिट के आधार पर किया जाता है। वर्तमान सत्र में महाविद्यालय में 671 विद्यार्थियों ने प्रवेश प्राप्त किया। स्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तर पर प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों की प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन थी | कोविड-19 महामारी को देखते हुए अन्य कक्षाओं में प्रवेश प्रक्रिया को भी को भी प्रोटोकॉल का पालन करते हुए पूर्ण कराया गया। साथ ही विद्यार्थियों के लिए बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप, हेल्पडेस्क की सहायता से एवं वेबसाइट पर समय-समय प्रवेश से संबंधित निर्देश जारी कर विद्यार्थियों की यथासंभव सहायता की गई।

5. महाविद्यालय में अध्ययन-अध्यापन व्यवस्था

शासन द्वारा महाविद्यालय की स्थापना के साथ ही महाविद्यालय के सुचारू संचालन के लिए 23 पदों की संरचना तथा स्नातकोत्तर कक्षाओं के प्रारंभ होने के पश्चात 02 प्राध्यापक पद स्वीकृत किया गया है| शासन द्वारा स्वीकृत 12 सहायक अध्यापक पदों के विरुद्ध 10 सहायक अध्यापक महाविद्यालय में कार्यरत हैं| छात्र हित में महाविद्यालय प्रशासन ने राज्य शासन के निर्देशानुसार स्वीकृत रिक्त शैक्षणिक पदों पर पदस्थापना होने तक सुचारू अध्यापन कार्य के लिए अतिथि व्याख्याताओं की नियुक्ति करने की प्रक्रिया पूर्ण कर अध्यापन कार्य संचालित किया गया |

संपूर्ण महाविद्यालय की वार्षिक गतिविधियों का सुचारू रूप से संचालन करने के लिए अकादमिक कैलेंडर का पालन कर उत्कृष्ट श्रेणी के अध्यापन की व्यवस्था की गई | कोविड-19 की परिस्थितियों को देखते हुए ऑनलाइन कक्षा हेतु समय सारणी बनाई गई जिसके अनुसार गूगल मीट प्लेटफार्म का उपयोग करते हुए नियमित रूप से कक्षाएं आयोजित की गई।



Principal
Govt. Naveen College Bori
Dist. Durg (C.G.)

## महाविद्यालय संचालन के कार्य

1.महाविद्यालय का नाम यूजीसी की धारा 2(F) एवं 12(B) में सम्मिलित कराना

महाविद्यालय प्रस्तुत प्रस्ताव तथा आवश्यक अभिलेखों से संतुष्ट होने के पश्चात यू.जी.सी. द्वारा तत्काल महाविद्यालय को यूजीसी की धारा 2(F) में सम्मिलित कर लिया गया है । महाविद्यालय द्वारा प्रयास जारी है कि अब शीघ्र ही महाविद्यालय का नाम यू.जी.सी. की धारा 12(B) में सम्मिलित कर लिया जावे, ताकि महाविद्यालय यू.जी.सी. के विभिन्न योजनाओं का लाभ अपने स्टाफ तथा विद्यार्थियों तक उपलब्ध करा सकें ।

2. जनभागीदारी समिति

महाविद्यालय के विकास तथा सुचारू संचालन के लिए शासन के निर्देशानुसार महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति गठित की गई है। समय-समय पर जनभागीदारी समिति के सदस्यों के साथ में विचार-विमर्श कर महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रयास किए जाते रहे हैं ।

3. राज्य शासन एवं केंद्र शासन के अधिनियम महाविद्यालय में लागू करना

शासन द्वारा जनहित में लागू अधिनियम का संस्था में पालन किया जाना सुनिश्चित किया जा सके, इस हेतु महाविद्यालय में सूचना के अधिकार अधिनियम तथा लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत जन सूचना अधिकारी तथा सहायक जन सूचना अधिकारी तथा सहायक लोक सेवा गारंटी अधिनियम अधिकारी की नियुक्ति की गई है। साथ ही इस अधिनियम से संबंधित समस्त उपयोगी जानकारी संस्था के सूचना पटल पर चस्पा की गई है। शासन के निर्देशानुसार सूचना के अधिकार एवं लोक सेवा अधिनियम का प्रतिवेदन अग्रणी महाविद्यालय में नियत समय पर जमा किया जाने की उचित व्यवस्था की गई है।

4. ऑल इंडिया सर्वे ऑन हायर एजुकेशन में जानकारी



Principal
Govt. Neveen College Bori
Dist. Durg (C.G.)

मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार प्रति वर्ष की भांति महाविद्यालय से संबंधित इस सत्र की समस्त जानकारी (Data Capture Format तथा Teacher's Information format) निर्धारित समय अवधि में ऑल इंडिया सर्वे इन हायर एजुकेशन के पोर्टल में महाविद्यालय द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारी द्वारा ऑनलाइन जमा किया जाता है ।

## महाविद्यालय की आंतरिक व्यवस्था संचालन

महाविद्यालय के आंतरिक संचालन हेतु विभिन्न समितियां बनाई गई है जिनके प्रकार तथा किए गए कार्य निम्नानुसार है:

1. आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ

महाविद्यालय में आंतरिक गुणवत्ता में वृद्धि करने तथा विभिन्न कार्यक्रमों एवं योजनाओं द्वारा अकादमिक एवं प्रशासनिक कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य शासन के मंशा अनुरूप आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। महाविद्यालय के समस्त गुणवत्ता युक्त कार्यों का संचालन एवं समन्वय उक्त समिति के द्वारा संपन्न कराया जाता है तथा यह सुनिश्चित किया जाता है कि महाविद्यालय में कार्यशाला, संगोष्ठी एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से आंतरिक गुणवत्ता में उत्तरोत्तर वृद्धि की जा सके ।

2. महाविद्यालय प्रवेश समिति

महाविद्यालय में संचालित विभिन्न संकाय में प्रवेश हेतु ऑनलाइन एवं ऑफलाइन हाइब्रिड मोड में प्रवेश प्रक्रिया को संचालित करने हेतु प्रवेश समिति का गठन किया गया है। समिति ने कोविड-19 की कठिन परिस्थितियों में समिति ने कोविड-19 प्रोटोकॉल का पूर्ण रुप से पालन करते हुए विद्यार्थियों के महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूर्ण कराया।

3. अनुशासन समिति

महाविद्यालय में उचित शैक्षणिक वातावरण तैयार करने के उद्देश्य से अनुशासन समिति का गठन किया गया है । कोविड-19 महामारी किस स्थिति



Principal
Govt. Neveen College Bori
Dist. Durg (C.G.)

में जब शासन के निर्देशानुसार हाइब्रिड कक्षाएं आयोजित की जा रही थी, तब अनुशासन समिति ने विशेष रूप से इस बात का ध्यान रखा की कोविड-19 प्रोटोकॉल का पूर्ण रुप से पालन किया जाए। विद्यार्थियों के सोशल डिस्टेंसिंग, सैनिटाइजेशन एवं मास्क पहनने पर विशेष ध्यान दिया गया ताकि किसी भी प्रकार से संक्रमण के फैलने का खतरा ना रहे।

4. आंतरिक लेखा निरीक्षण एवं जांच समिति

इस समिति का गठन महाविद्यालय के लेखांकन, लेखांकन रजिस्टर, प्रपत्र देयकों तथा फाइलों के रखरखाव की आंतरिक जांच के लिए किया गया है। इसका उद्देश्य लेखा संबंधी कार्यों को त्रुटि रहित तथा उत्कृष्ट बनाए रखना है। इस समिति के द्वारा आवंटित राशि का लेखा, व्यय की गई राशि तथा व्यय देयकों के उचित रखरखाव के लिए पृथक फाइल रखना, आवंटित मदों में व्ययों का पृथक लेखा तथा लेखांकन यथा रोकड़ पुस्तक, वाउचर फाइल आदि की जांच करने संबंधी दायित्व निर्धारित किया जाता है।

5. क्रय समिति

महाविद्यालय में आवंटित राशि से क्रय की जाने वाली वस्तुओं के शासकीय नियमानुसार क्रय को सुनिश्चित करने तथा आवश्यक प्रक्रियाओं के पालन सुनिश्चित करने के लिए प्राध्यापकों तथा कार्यालय कर्मचारियों की समिति गठित की गई। इस समिति के द्वारा क्रय किए जाने से संबंधित समस्त नियमों का पालन करते हुए क्रय आदेश पारित किए तथा आवश्यक प्रपत्रों को सत्रहित किया जाना सुनिश्चित किया जाता है।

6. भौतिक सत्यापन समिति

इस समिति का गठन महाविद्यालय के द्वारा क्रय की गई भौतिक वस्तुओं की संख्या, गुणवत्ता आदि की जांच करने के लिए किया गया है। समिति के द्वारा वर्ष के दौरान क्रय किए गए वस्तुओं की संख्या एवं गुणवत्ता की जांच की गई। सत्र समाप्ति के पश्चात समिति ने प्रयोगशाला, पुस्तकालय एवं भंडार शाखा के



Principal
Govt. Neveen College Bori
Dist. Durg (C.G.)

भौतिक सत्यापन के कार्य के साथ-साथ अन्य भौतिक वस्तुओं का सत्यापन कार्य पूर्ण किया तथा सत्यापन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

7. आंतरिक शिकायत निवारण प्रकोष्ठ

महाविद्यालय में विद्यार्थियों की समस्याओं का निवारण कर एक सामंजस्य पूर्ण शैक्षिक वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से आंतरिक शिकायत निवारण समिति का गठन किया गया है। इस समिति का उद्देश्य विद्यार्थियों की शिकायतों को प्राप्त करना और उनका नियत समय अवधि के अंतर अंदर निवारण करना है, ताकि महाविद्यालय में समस्त गतिविधियों को विद्यार्थियों के संपूर्ण सहयोग के साथ सुचारू रूप से संचालित किया जा सके। विद्यार्थी निर्भीक होकर महाविद्यालय परिसर से संबंधित अकादमिक एवं प्रशासनिक मुद्दों पर अपनी शिकायत एवं सुझाव महाविद्यालय प्रशासन तक पहुंचा सके, इस हेतु परिसर में शिकायत पेटी भी रखी गई है। विद्यार्थी अपनी शिकायत एवं सुझाव लिखकर इस पेटी में डाल सकते हैं, जिसके माध्यम से शिकायत निवारण समिति इन शिकायतों और सुझावों का समुचित आकलन कर निराकरण करती है।

8. यौन उत्पीड़न समिति

कार्यस्थल में महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध एवं निवारण) अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार यौन उत्पीरन के किसी शिकायत पर जांच प्राधिकरण के रूप कार्य करने तथा लैंगिक मुद्दे पर छात्रों, कर्मचारियों और संकाय सदस्यों को संवेदीकरण की दिशा में सकारात्मक उपाय लेने के लिए इस समिति का गठन किया गया है। इस समिति का उद्देश्य महाविद्यालय परिसर में समस्त छात्राओं एवं महिला अधिकारी एवं कर्मचारियों के लिए सुरक्षित वातावरण तैयार करना है। यह समिति महिलाओं की शिकायतों का निवारण करने के साथ ही साथ विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें उनके अधिकारों के प्रति भी सजग बनाती है।



Principal
Govt. Neveen College Bori
Dist. Durg (C.G.)

9. नैक कार्यसमिति

राज्य शासन की मंशा अनुरूप आगामी वर्षों में समस्त महाविद्यालयों को नैक मूल्यांकन कराया जाना अनिवार्य है। इस आधार पर नैक मूल्यांकन की तैयारी करने एवं कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु उक्त समिति का गठन कर जिम्मेदारी सौंपी गई है। समिति द्वारा नैक मूल्यांकन के पैरामीटर्स के आधार पर सह- समितियों का गठन कर SSR बनाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है तथा आवश्यक अभिलेखों का संधारण किया जा रहा है।

10. वार्षिक परीक्षा कार्यसमिति

महाविद्यालय में दुर्ग विश्वविद्यालय से संबद्ध कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाएं आयोजित की जाती है। इस सत्र में कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण विश्वविद्यालय द्वारा ऑनलाइन परीक्षाओं का आयोजन किया गया। इस हेतु समिति ने विश्वविद्यालय की समय सारणी के अनुरूप समय पर विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों को उनके विषय के प्रश्नपत्र उनकी कक्षाओं के लिए बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप एवं महाविद्यालय वेबसाइट की सहायता से उपलब्ध कराएं तथा निर्धारित समय अवधि के भीतर उत्तर पुस्तिकाओं का संग्रहण कर मूल्यांकन कर उनके अंक विश्वविद्यालय पोर्टल पर दर्ज कर दिए गए, जिससे कि निश्चित समय पर उनका परीक्षा परिणाम जारी किया जा सके।

## महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए सुविधाएं एवं व्यवस्थाएं

1. महाविद्यालय विवरणिका एवं प्रवेश फॉर्म

महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के सुविधा के लिए प्रवेश फॉर्म में आवश्यक जानकारियों को शामिल किया गया है। साथ ही महाविद्यालय से संबंधित आवश्यक जानकारी विवरणिका में दी गई है, जिसमें प्रवेश आवेदन फॉर्म, एंटी रैगिंग शपथ पत्र, घोषणा पत्र एवं अनुशासनात्मक नियम तथा शुल्क विवरण को समाहित किया गया है।



Principal
Govt. Naveen College Bori
Dist. Durg (C.G.)

2.विद्यार्थियों के लिए हेल्प डेस्क

महाविद्यालय के विद्यार्थियों के प्रवेश प्रक्रिया, परीक्षा आवेदन, छात्रवृत्ति आवेदन एवं अन्य ऑनलाइन तथा ऑफलाइन कार्यों के लिए हेल्प डेस्क का गठन किया गया है, जो विद्यार्थियों को यथासंभव सहायता उपलब्ध कराती है।

3. प्रयोगशाला की सुविधा

महाविद्यालय में विज्ञान समूह में वनस्पति शास्त्र, प्राणीशास्त्र, भौतिक शास्त्र तथा रसायन शास्त्र विषय एवं कला समूह में भूगोल विषय में प्रयोगशाला की आवश्यकता होती है। छात्र हित को ध्यान में रखते हुए सीमित संसाधनों तथा आवंटित बजट राशि में पाठ्यक्रम पर आधारित सर्वसुविधा युक्त प्रयोगशाला में विद्यार्थियों को प्रायोगिक सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

4. पुस्तकालय की सुविधा

महाविद्यालय में शासन के नियमानुसार आवंटित राशि का पूर्ण उपयोग करते हुए विद्यार्थियों के लिए सर्व सुविधा युक्त पुस्तकालय की व्यवस्था की गई है। वर्तमान में पुस्तकालय में पुस्तकें, रोजगार समाचार पत्र एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उपयोगी पुस्तकें उपलब्ध है। महाविद्यालय में लाइब्रेरियन का पद स्वीकृत नहीं होने की स्थिति में सहायक प्राध्यापक को प्रभारी पुस्तकालय की जिम्मेदारी दी गई है।

5. संचार कौशल विकास कार्यक्रम

महाविद्यालय प्रशासन ने आधुनिक शैक्षणिक वातावरण को देखते हुए उच्च स्तर की शिक्षा की प्राप्ति तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अंग्रेजी भाषा की जानकारी उपलब्ध कराने और अंग्रेजी भाषा में कुशल संचार करने के कौशल का विकास करने के लिए महाविद्यालय में सामान्य कक्षाओं के पश्चात अतिरिक्त कक्षाओं के माध्यम से निशुल्क कोचिंग की व्यवस्था की गई है। महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग द्वारा कुछ चुने हुए विद्यार्थियों को ट्रेनिंग प्रदान कर मास्टर ट्रेनर बनाया गया है, जो कि न केवल महाविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को बल्कि अपने आसपास के लोगों को भी अंग्रेजी भाषा में कुशल



Principal
Govt. Neveen College Bori
Dist. Durg (C.G.)

संचार हेतु निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण परिवेश के विद्यार्थियों को आज के युग की आवश्यकता के अनुरूप तैयार करना है ताकि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के बीच की खाई को सुगमता पूर्वक पाटा जा सके।

6. एंटी रैगिंग समिति का गठन

राज्य शासन तथा माननीय न्यायालय के निर्देशानुसार महाविद्यालय में एंटी रैगिंग समिति का गठन किया गया है तथा लगातार यह प्रयास किया जाता है कि महाविद्यालय में ऐसी किसी भी घटना होने की संभावना ना हो। उल्लेखनीय है कि महाविद्यालय की स्थापना से अभी तक इस महाविद्यालय में रैगिंग संबंधी कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

7. कोविड-19 महामारी की स्थिति में विद्यार्थियों हेतु ऑनलाइन गतिविधियों का आयोजन

महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए यह अनिवार्य हो जाता है कि कक्षा शिक्षण के अतिरिक्त अन्य गतिविधियों के द्वारा उनका सभी क्षेत्रों में विकास किया जाए। कोविड-19 महामारी के कारण इस सत्र में विद्यार्थियों की ऑनलाइन कक्षाएं आयोजित की गई। विद्यार्थियों को इस कठिन समय में मानसिक तनाव से मुक्त रखने के लिए पाठ्यक्रम शिक्षण के साथ-साथ विभिन्न विभागों के द्वारा ऑनलाइन पाठ्येतर कार्यक्रम जैसे क्विज ,निबंध, परिचर्चा, वेबीनार, कार्यशाला, स्लोगन, पोस्टर, पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन आदि आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ अधिक से अधिक संख्या में भाग लिया | सभी प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को ऑनलाइन की e सर्टिफिकेट देने की भी व्यवस्था की गई। इस प्रकार इस आपदा को महाविद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु अवसर के रूप में परिवर्तित कर दिया।



Principal
Govt. Neveen College Bori
Dist. Durg (C.G.)

8. व्यक्तित्व विकास पर कक्षाएं

सामान्यतः देखा गया है कि गांव में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों में आत्मविश्वास की कमी होती है, जबकि वे बहुत होनहार तथा मेहनती होते हैं। उनकी इस कमी को दूर करने के लिए महाविद्यालय प्रशासन ने गूगल मीट की सहायता से ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर व्यक्तित्व विकास की कक्षाओं का आयोजन किया। इन कक्षाओं में न केवल उनकी भाषा शैली में सुधार करने पर कार्य किया गया बल्कि उन्हें परीक्षा की तैयारी तथा कैरियर संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी भी लगातार उपलब्ध कराई गई।

9. योगा एवं शारीरिक शिक्षण व्यवस्था

कोविड-19 संक्रमण की रोकथाम और बचाव हेतु महाविद्यालय द्वारा ऑनलाइन योगा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें गूगल में प्लेटफार्म का उपयोग कर प्रतिदिन प्रातः काल महाविद्यालय द्वारा योग कक्षाओं का आयोजन किया गया।

10. सुधारात्मक कक्षाएं

कोरोना संक्रमण से संक्रमित होने के कारण अथवा नेटवर्क इशू के कारण ऑनलाइन कक्षाएं नियमित रूप से ना अटेंड कर पाने के कारण जो विद्यार्थी पढ़ाई में पिछड़ गए हैं या अन्य विद्यार्थियों के समकक्ष नहीं चल पा रहे हैं, उनके लिए महाविद्यालय प्रशासन द्वारा विशेष सुधारात्मक कक्षाओं की व्यवस्था की गई है, जिसमें उनके विषय विशेष में आने वाले कठिनाइयों का निराकरण प्राध्यापकों द्वारा विद्यार्थियों के समय अनुसार किया जाता है ताकि उन्हें अन्य छात्रों के बराबरी पर लाया जा सके। साथ ही ऐसे विद्यार्थियों के लिए विषयवार पाठ्य सामग्री भी पीडीएफ के रूप में उपलब्ध कराई गई है।

11. अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण प्रकोष्ठ

इस समिति का गठन शासन के द्वारा समय-समय पर लागू की जाने वाली योजनाओं का क्रियान्वयन करने के लिए किया गया है, जिससे यह निश्चित किया जा सके कि



Principal
Govt. Naveen College Bori
Dist. Durg (C.G.)

प्रत्येक लाभार्थी तक शासन की योजना का लाभ पहुंचाया जा सके। राज्य शासन के निर्देशानुसार महाविद्यालय में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए एवं अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति योजना लागू है। शासन के निर्देशानुसार पोस्ट मैट्रिक ऑनलाइन छात्रवृत्ति प्रदान करने संबंधी प्रक्रिया का क्रियान्वयन कराया गया है तथा यह भी सुनिश्चित किया गया है कि कोई भी विद्यार्थी इस योजना के लाभ से वंचित ना रहे। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल के माध्यम से मेधावी छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना का लाभ भी प्रदान कराया जा रहा है।

12. प्रायोगिक परीक्षा केंद्र तथा वार्षिक परीक्षा केंद्र

महाविद्यालय हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा आयोजित किए जाने वाले प्रायोगिक परीक्षा तथा वार्षिक परीक्षा का केंद्र है, जिससे महाविद्यालय में परीक्षा दे रहे ग्रामीण विद्यार्थियों को अन्य किसी परीक्षा केंद्र में जाने से होने वाली असुविधा से बचाया जा सका है।

13. एनएसएस तथा रेड क्रॉस सोसाइटी

उच्च शिक्षा का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों का शैक्षणिक विकास करना ही नहीं बल्कि उनमें समाज सेवा के प्रति जागरूकता लाना भी है। इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए प्राचार्य महोदय द्वारा विद्यार्थियों में समाजसेवा की भावना विकसित करने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई (एन.एस.एस.), यूथ रेड रिबन तथा रेड क्रॉस सोसाइटी का गठन किया गया है। महाविद्यालय की एनएसएस इकाई की क्षमता 100 यूनिट की है। इस सत्र में राष्ट्रीय स्वयं सेवकों के द्वारा घर घर पहुंच दस्तक कोविड-19 जागरूकता अभियान कार्यक्रम चलाया गया। साथ ही कोविड 19 व मानसिक स्वास्थ्य विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। यूथ रेड रिबन इकाई द्वारा वर्ल्ड एड्स डे के उपलक्ष में वैश्विक एकजुटता साझा जिम्मेदारी विषय पर ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इसी प्रकार रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा कोरोना संक्रमण की रोकथाम हेतु विद्यार्थियों को निशुल्क मास्क और साबुन उपलब्ध कराए गए।



Principal
Govt. Naveen College Bori
Dist. Durg (C.G.)

14. महाविद्यालय में विविध कार्यक्रमों का आयोजन

महाविद्यालय के छात्रों के सर्वांगीण विकास तथा उनके कौशल में वृद्धि के लिए विभिन्न कार्यक्रमों, कार्यशाला तथा परिचर्चा का आयोजन किया गया जिनमें से उल्लेखनीय कार्यक्रम इस प्रकार है:

| विभाग का नाम | गतिविधि का नाम | दिनांक | गतिविधि का विवरण | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| हिंदी | ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता | 02-10-2020 | विषय - गांधी जी आज भी प्रासंगिक है | 30 |
| अंग्रेजी | Workshop | 23 to 30 - 12-2020 | Improving vocabulary in English | 12 |
| | Workshop | 01 to 08 - 01-20121 | Communication skill in English | 11 |
| | Workshop | 08 to 14 - 01-20121 | Improving vocabulary in English | 15 |
| अर्थशास्त्र | निबंध प्रतियोगिता | 18/01/2021 | "महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता" विषय पर निबंध प्रतियोगिता का ऑनलाइन आयोजन किया गया। | 32 |
| | निबंध प्रतियोगिता | 16/03/2021 | "कोरोना महामारी का अर्थव्यवस्था पर प्रभाव" विषय पर निबंध प्रतियोगिता का ऑनलाइन आयोजन किया गया। | 25 |
| | स्लोगन प्रतियोगिता | 23/03/2021 | "जनसंख्या नियंत्रण" विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। | 22 |
| समाजशास्त्र | प्रश्नोत्तरी ऑनलाइन परीक्षा | 02.10.2020 | संपूर्ण विकास में महात्मा गांधी की प्रासंगिकता | 40 |
| | वेबीनार | 31.12.2020 | कैरियर एडवांसमेंट प्रोग्राम इन रूरल एरिया | 67 |
| | कार्यशाला(ऑनलाइन) | 22-28-02-2021 | DEVELOPMENT OF EMPLOYBILITY SKILLS | 257 |
| | व्याख्यान (ऑनलाइन) | 05.03.2021 | निर्देशन एवं कैरियर चयन में परामर्श महिला | 98 |
| | वेबीनार | 08.03.2021 | सशक्तिकरण में पुरुषों की भूमिका | 78 |



Principal
Govt. Neveen College Bori
Dist. Durg (C.G.)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | भारत अमृत मिशन संकल्प | 12.03.2021 | अमृत महोत्सव पर पीपल बरगद नीम के वृक्ष लगाने का संकल्प | 23 |
| भूगोल | | | | |
| वाणिज्य | एक दिवसीय वेबीनार | 20-02-2021 | कोविड-19 महामारी का देश के आर्थिक विकास पर प्रभाव | |
| | एक दिवसीय वेबीनार | 22-02-2021 | भारत के आयात निर्यात नीति की विशेषताएं व भविष्य में नीतियों के सुधारने का ढंग | |
| | एक दिवसीय वेबीनार | 25-02-2021 | Career planning in areas of finance and accounting | |
| | Two days National Webinar | 04 & 05-03-2021 | Scientific research and report writing | |
| | One day Webinar | 23-03-2021 | Financial literacy and awareness by SEBI certified financial advisor | |
| रसायन शास्त्र | COVID 19 e क्विज https://forms.gle/bF6HGSmwtg1zSsZQ7 | 15-06-2020 | कोरोना वायरस के संबंध में लोगों को जागरूक बनाने हेतु इस पेज का आयोजन किया गया। \| इस क्विज में पूरे देश के विभिन्न राज्य महाराष्ट्र, तमिलनाडु, हरियाणा, केरला, बिहार, गुजरात, उड़ीसा, असम, आंध्र प्रदेश, जम्मू कश्मीर, कर्नाटका, राजस्थान, पंजाब, पश्चिम बंगाल, मेघालय के साथ-साथ नाइजीरिया के सोकोटो और कटसीना प्रांत के प्रतिभागियों ने भाग लिया। | 319 |
| | विज्ञान दिवस के उपलक्ष में " ग्रीन अर्थ क्लीन अर्थ" विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता https://forms.gle/RESNyMR5dA1XC eHU8 | 28-02-2021 | धरती को पर्यावरण प्रदूषण के दुष्परिणामों से बचाने हेतु विद्यार्थियों को जागरूक बनाने के लिए इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी के साथ-साथ भिलाई महिला महाविद्यालय साईं महाविद्यालय श्री शंकराचार्य महाविद्यालय तथा देव संस्कृति महाविद्यालय के | 28 |



Principal
Govt. Neveen College Bori
Dist. Durg (C.G.)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | प्रतिभागियों ने भाग लिया । | |
| | विज्ञान दिवस के उपलक्ष में "उत्कृष्ट गैसों की खोज" विषय पर निबंध प्रतियोगिता https://forms.gle/RESNyMR5dA1XC eHU8 | 28-02-2021 | विद्यार्थियों को उत्कृष्ट गैसों की खोज तथा उनके व्यवहार की विशिष्टता का परिचय कराने के लिए इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी के साथ-साथ भिलाई महिला महाविद्यालय साईं महाविद्यालय तथा श्री शंकराचार्य महाविद्यालय के प्रतिभागियों ने भाग लिया । | 46 |
| | विज्ञान दिवस के उपलक्ष में "अम्ल वर्षा "विषय पर पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता https://forms.gle/RESNyMR5dA1XCeHU8 | 28-02-2021 | अम्ल वर्षा के कारण होने वाले दुष्परिणामों के प्रभाव से विद्यार्थियों को जागरूक बनाने हेतु इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी के साथ-साथ देव संस्कृति महाविद्यालय के प्रतिभागियों ने भाग लिया । | 17 |
| | अनुपयोगी वस्तु से उपयोगी वस्तुएं बनाना https://forms.gle/WmQgWmkLRqQ1zZta7 | 31-03-2021 | अनुपयोगी वस्तुओं के रीसाइक्लिंग कर उन्हें उपयोगी वस्तुओं में बदलने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। | 22 |
| | बीएससी भाग एक, दो एवं तीन के विद्यार्थियों के लिए सेमिनार https://forms.gle/wAgouUFyyBXyuc5S6 | 16-04-2020 to 24-04-2020 | महाविद्यालय के विद्यार्थियों के मध्य कम्युनिकेशन तथा प्रेजेंटेशन स्किल को विकसित करने के उद्देश्य से सेमिनार का आयोजन किया गया। | 42 |
| | बीएससी भाग एक, दो एवं तीन के विद्यार्थियों के लिए पियर टीचिंग https://forms.gle/wAgouUFyyBXyuc5S6 | 19-04-2021 to 22-04-2020 | पियर टीचिंग के माध्यम से विद्यार्थियों द्वारा दूसरों को सिखाते हुए अपने सीखने की प्रक्रिया को सुदृढ़ करना। | 11 |
| | अर्थ डे सेलिब्रेशन पर स्लोगन प्रतियोगिता https://forms.gle/H | 22-04-2021 | पर्यावरण संरक्षण के समर्थन में और दशकों तकअनियंत्रित प्रदूषण के बाद | 41 |



Principal
Govt. Neveen College Bori
Dist. Durg (C.G.)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | Mt3uX1GrucTbPbj6 | | हमारे ग्रह की स्थिति के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने हेतु। | |
| | अर्थ डे सेलिब्रेशन पर प्लांटेशन ड्राइव https://forms.gle/JgTxwDAUTPa7xgBu9 | 22-04-2021 | वनों की कटाई, मिट्टी का क्षरण, ग्लोबल वार्मिंग जैसे पर्यावरणीय मुद्दों का मुकाबला करने और पर्यावरण की सुंदरता और संतुलन को बढ़ाने हेतु । | 14 |
| प्राणी शास्त्र | ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता | 16/03/21 | बीएससी फाइनल ईयर के छात्रों का अनुवांशिक अभियांत्रिकी के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें निबंध का विषय PCR था। | 09 |
| | ऑनलाइन पोस्टर प्रतियोगिता | 24/03/21 | जंतु विज्ञान से संबंधित पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। | 16 |
| | ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता | 01/04/21 | शासकीय महाविद्यालय बोरी, जिला-दुर्ग व शासकीय महाविद्यालय तखतपुर जिला-बिलासपुर, के बीएससी के छात्रों के सहभागिता के साथ संपन्न किया गया जिसमें 80% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। | 110 |
| | ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता | 07/04/21 | वर्ल्ड हेल्थ डे के उपलक्ष में महाविद्यालय के प्राणी शास्त्र विभाग के द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 75% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को सर्टिफिकेट ईमेल के माध्यम से प्रदान किया गया। | 70 |
| वनस्पति शास्त्र | निबंध प्रतियोगिता विषय: प्रदूषण नियंत्रण में युवाओं की भूमिका Google meet- msn-htnx-bar | 02/12/20 | राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस के उपलक्ष्य में बी. एस. सी. III के विद्यार्थियों के लिए आयोजित | 10 |
| | पोस्टर प्रतियोगिता विषय पर्यावरण संरक्षण Google meet link rdd-gnwx-yed | 02/12/20 | राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस के उपलक्ष्य में बी. एस. ती II वर्ष के विद्यार्थियों के लिए आयोजित | 03 |
| | तत्कालीन भाषण प्रतियोगिता विषय प्रदूषण नियंत्रण में आपका योगदान Google meet link- | 02/12/20 | राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस के उपलक्ष्य बी एस सी प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए आयोजित | 36 |



Principal
Govt. Neveen College Bori
Dist. Durg (C.G.)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | msn-htnx-bar | | | |
| | पोस्टर प्रतियोगिता विषय मृदा संरक्षण Google meet link osj-rhaz-qmp | 05/12/20 | विश्व मृदा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित | 05 |
| | निबंध प्रतियोगिता विषय: पौधों के संरक्षण में युवाओं की भूमिका ई मेल द्वारा | 12/01/21 | राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य मे शासकीय मा विद्यालय बोरी दुर्ग के वनस्पति विभाग द्वारा आयोजित | 16 |
| | प्रोजेक्ट वितरण | 03/02/21 | बीएससी तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों को बालों की देखभाल डायबिटीज़ दांत दर्द तथा गठियारोग के इलाज में काम आने वाले पौधों का विवरण तैयार करना | 41 |
| | ऊरली प्रतियोगिता Google form https://forms.gle/x6Co4Rn54dHgVPUP8 | 27-28/02/21 | शासकीय महाविध्यालय बोरी के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वाराराष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित | 50 |
| | ऑनलाइन क्विज Google form https://forms.gle/5zSpCV6Hat4MYk737 बीएससी I https://forms.gle/MESjpDeGPb3hKP8g9 बीएससी III https://forms.gle/A9QZR2yPV5JhAmjPA बीएससी II | 27-28/02/21 | शासकीय महाविध्यालय बोरी के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित | 17<br>26<br>09 |
| | स्लोगन प्रतियोगिता Google form https://forms.gle/UwJCifefChi62QEY9 | 21/03/21 | शासकीय महाविध्यालय बोरी के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित | 29 |
| | पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन बनाना Google meet link- | 08/04/21<br>09/04/21 | बीएससी तृतीय वर्ष के गौतम साहू द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन तैयार करने का तरीका बताया गया | 16 |



Principal
Govt. Neveen College Bori
Dist. Durg (C.G.)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | tte-uxku-upe | | | |
| भौतिक शास्त्र | निबंध प्रतियोगिता | 28-02-2021 | "अचीवमेंट ऑफ सीवी रमन" विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। | 16 |
| | ई पोस्टर प्रतियोगिता https://meet.google.com/cqk-kigz-ove | 17-03-2021 | कोविड-19 विषय पर ई पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। | 19 |
| | क्विज प्रतियोगिता https://meet.google.com/wyt-zkho-ceg | 05-04-2021 | बीएससी भाग एक, दो एवं तीन के विद्यार्थियों ने क्विज प्रतियोगिता में भाग लिया। | 15 |
| गणित | इक्विज तथा ऑनलाइन टेस्ट https://meet.google.com/vps-hiai-zkc | 02-03-2021 | क्वानटेटिव एप्टीट्यूड एंड लॉजिकल रीजनिंग विषय पर इक्विज तथा ऑनलाइन टेस्ट का आयोजन किया गया। | 15 |
| | निबंध प्रतियोगिता https://meet.google.com/vfv-ggxf-gcn | 09-04-2021 | ड्यूटीज ऑफ स्टूडेंट्स ड्यूरिंग द कोविड-19 पैंडेमिक विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। | 13 |

15. वीडियो लेक्चर तथा ऑनलाइन पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराना

कोविड-19 संक्रमण के कारण हुए लॉक डाउन में विद्यार्थियों के शिक्षण में कोई व्यवधान न आए इस हेतु महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा ऑनलाइन कक्षाओं के साथ ही साथ विषयवार पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन तथा पीडीएफ पाठ्य सामग्री तैयार की गई, जिन्हें विद्यार्थियों को उनके कक्षावार व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से पहुंचाया गया ताकि विद्यार्थियों का शिक्षण निर्बाध रूप से जारी रहे। साथ ही विद्यार्थियों को व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम उनकी विषय संबंधी शंकाओं का निराकरण किया गया।

Principal
Govt. Neveen College Bori
Dist. Durg (C.G.)

## महाविद्यालय के विद्यार्थियों का मूल्यांकन

विद्यार्थियों के मूल्यांकन के लिए निम्न विधियां अपनाई जाती हैं

1. आंतरिक मूल्यांकन

राज्य शासन द्वारा जारी अकादमिक कैलेंडर के अनुसार सत्र 2020-21 में विद्यार्थियों के मूल्यांकन हेतु ऑनलाइन इकाई परीक्षा, प्री फाइनल परीक्षा के रूप में आंतरिक मूल्यांकन परीक्षाएं आयोजित की गई। विद्यार्थियों में विषय संबंधी किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर ऑनलाइन सुधारात्मक कक्षाओं के माध्यम से उस कमी को दूर किया गया।

2. विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों का मूल्यांकन

विद्यार्थियों के मूल्यांकन हेतु ऑनलाइन वाद-विवाद, परिचर्चा, क्विज प्रतियोगिता आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है जिससे विद्यार्थियों की शैक्षणिक एवं मानसिक कौशल का मूल्यांकन किया जाता है।

## महाविद्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु कार्य

1. महाविद्यालय में पद संरचना

राज्य शासन के आदेश अनुसार महाविद्यालय में प्राचार्य 01 पद, प्राध्यापक 02 पद, सहायक प्राध्यापक 12 पद तथा अशैक्षणिक 10 पद, इस प्रकार कुल 25 पद स्वीकृत किए गए हैं, जिनका विवरण निम्नानुसार है:

| | |
|---|---|
| प्राचार्य | 01 पद |
| प्राध्यापक | 02 पद |
| सहायक प्राध्यापक | 12 पद |
| सहायक ग्रेड 1 | 01 पद |
| सहायक ग्रेड 2 | 01 पद |



Principal
Govt. Naveen College Bori
Dist. Durg (C.G.)

| | |
|---|---|
| सहायक ग्रेड 3 | 01 पद |
| प्रयोगशाला तकनीशियन | 03 पद |
| प्रयोगशाला परिचारक | 02 पद |
| भृत्य | 02 पद |

वर्तमान में महाविद्यालय में कार्यरत पद का विवरण:

डॉ आनंद कुमार विश्वकर्मा प्राचार्य

कार्यरत प्राध्यापक/ सहायक प्राध्यापक के नाम

| | | |
|---|---|---|
| 1 | डॉ तापस मुखर्जी | सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी |
| 2 | श्रीमती वैदेही शर्मा | सहायक प्राध्यापक भूगोल |
| 3 | डॉ आशा दीवान | सहायक प्राध्यापक हिंदी |
| 4 | डॉ अमरनाथ शर्मा | सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र |
| 5 | डॉ मंजुलता साव | सहायक प्राध्यापक वाणिज्य |
| 6 | डॉ मीना चक्रबोर्ती | सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र |
| 7 | डॉ हंसराज ठाकुर | सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र |
| 8 | डॉ संगीता शर्मा | सहायक प्राध्यापक वनस्पति शास्त्र |
| 9 | श्रीमती कविता ठाकुर | सहायक प्राध्यापक प्राणी शास्त्र |
| 10 | श्री समीर जायसवाल | सहायक प्राध्यापक वाणिज्य |

कार्यरत कर्मचारियों के नाम

| | | |
|---|---|---|
| 1 | श्री अनिल मिश्रा | सहायक ग्रेड - 2 |
| 2 | श्री योगेश ठाकुर | भृत्य |
| 3 | कु. प्रज्ञा देवांगन | भृत्य |

2. शैक्षणिक स्टाफ के अकादमिक विकास के कार्य

महाविद्यालय में पदस्थ प्राध्यापकों के अकादमिक विकास के लिए उन्हें निरंतर प्रोत्साहित किया जाता है, जिसके अंतर्गत ओरियंटेशन, रिफ्रेशर तथा फैकेल्टी



Principal
Govt. Naveen College Bori
Dist. Durg (C.G.)

डेवलपमेंट प्रोग्राम, जर्नल में प्रकाशन, सेमिनार, कांफ्रेंस में भाग लेने के लिए पूर्ण सहयोग किया जाता है। उल्लेखनीय है कि प्राचार्य के निरंतर प्रयासों से इस वर्ष 04 सहायक प्राध्यापकों ने रिफ्रेशर, 02 सहायक प्राध्यापक ने FDP पाठ्यक्रम पूर्ण किए, दो पत्रों का अंतरराष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशन किया गया है।

## महाविद्यालय द्वारा किए गए सामाजिक कार्य

1. अंचल में स्वच्छता अभियान

महाविद्यालय के राष्ट्रीय स्वयं सेवकों ने महाविद्यालय के परिसर के साथ-साथ बोरी ग्राम में भी स्वच्छता कार्यक्रम चलाया तथा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने संबंधी नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया।

2. अंग्रेजी में संचार कौशल में सुधार करने के लिए प्रयास

महाविद्यालय ग्रामीण अंचल में होने के कारण यहां के विद्यार्थियों में अंग्रेजी भाषा में संचार कौशल में कमी पाई जाती है जिसे दूर करने के लिए महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग द्वारा कुछ विद्यार्थियों को ट्रेनिंग प्रदान कर मास्टर ट्रेनर बनाया गया जो ऑनलाइन गूगल में प्लेटफार्म का उपयोग कर अन्य विद्यार्थियों एवं ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को अंग्रेजी भाषा में संचार कौशल विकसित करने में सहायता करते हैं।

3. कार्यशाला और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से रोजगार अवसर में सुधार के प्रयास

महाविद्यालय में समाजशास्त्र एवं वाणिज्य विभाग में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम संचालित है। इन दोनों विभागों के द्वारा विद्यार्थियों को रोजगार अवसरों का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने योग्य बनाने हेतु समय-समय पर कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।



Principal
Govt. Neveen College Bori
Dist. Durg (C.G.)

4. कोविड-19 संक्रमण की रोकथाम हेतु जागरूकता

कोविड-19 संक्रमण से बचाव हेतु शासन के निर्देशानुसार महाविद्यालय के समस्त अधिकारी और कर्मचारियों ने विद्यार्थियों को कक्षा वार बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से इस संक्रमण से बचाव के उपाय एवं शासन के निर्देशों से समय-समय पर अवगत कराया। इस संक्रमण का कारण, उसके फैलने की प्रक्रिया तथा उससे बचने के तरीकों से संबंधित पोस्टर, निर्देश आदि का सोशल मीडिया माध्यम से विद्यार्थियों में प्रसार किया। संपूर्ण महाविद्यालय का समय-समय पर सैनिटाइजेशन करवाया गया है तथा महाविद्यालय परिसर में मास्क पहनना एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पूर्ण रुप से पालन किया गया।

## भविष्य में किए जाने वाले विकास कार्यों की योजनाएं

1. महाविद्यालय भवन में विकास योजना

महाविद्यालय भवन वृहद क्षेत्र में बना हुआ है जिसमें करीब 26 एकड़ जमीन उपलब्ध है। विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय बाउंड्री वॉल का निर्माण, खेल मैदान के रूप में विस्तार, परिसर में पर्यावरण संरक्षित करने के साथ-साथ वातावरण नियंत्रित करने हेतु पर्याप्त मात्रा में वृक्षारोपण, विद्यार्थियों के बैठने के लिए कंक्रीट बेंच, घास के छोटे लॉन आदि विकास योजनाएं रखी गई है, जिनके लिए शासन से निवेदन किया गया है।

2. नए विषय प्रारंभ करने की योजना

वर्तमान में महाविद्यालय में विज्ञान समूह में वनस्पति शास्त्र, प्राणी शास्त्र, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, गणित विषय एवं कला समूह में भूगोल, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र तथा वाणिज्य समूह संचालित है। स्नातकोत्तर में एम. कॉम. तथा एम.ए. (समाजशास्त्र) विषय संचालित हैं। छात्र हित के लिए नए सत्र में विज्ञान समूह में रसायन शास्त्र, कला समूह में अर्थशास्त्र, हिंदी साहित्य एवं इतिहास विषय की स्नातकोत्तर कक्षाएं प्रारंभ करने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है।



Principal
Govt. Naveen College Bori
Dist. Durg (C.G.)

3. महाविद्यालय के कुशल संचालन के लिए अतिरिक्त पदों का प्रस्ताव

उपरोक्त विषय प्रारंभ करने के प्रस्ताव के साथ-साथ महाविद्यालय के कुशल संचालन के लिए नए विषयों के लिए प्राध्यापकों के पद, लाइब्रेरियन, क्रीड़ा अधिकारी के पद, प्रयोगशाला तकनीशियन के पद सहित कंप्यूटर ऑपरेटर के पद स्वीकृत करने का प्रस्ताव प्रेषित किया गया है।

4. रोजगार मूलक पाठ्यक्रम एवं प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु निशुल्क मार्गदर्शन का प्रस्ताव

ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च स्तरीय प्रतिभा होते हुए भी उचित मार्गदर्शन के अभाव में विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाते। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए भविष्य में विद्यार्थियों को रोजगार मूलक परीक्षाओं जैसे बैंकिंग, रेलवे, सी.ए., सी.एस., आई.सी.डब्ल्यू.ए.आइ., पी.एस.सी. एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए गुणवत्ता युक्त मार्गदर्शन महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने हेतु आधुनिक कोचिंग व्यवस्था की योजना है, जिसके लिए शासन को प्रस्ताव प्रेषित किया गया है।

5. विद्यार्थियों हेतु इंटर्नशिप एवं ट्रेनिंग कार्यक्रमों का प्रस्ताव

ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों में प्लेसमेंट तथा उनके स्वयं उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न संस्थानों एवं उद्योगों के साथ एमओयू के माध्यम से विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप एवं ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन के जाने का किया जाना प्रस्तावित है, ताकि महाविद्यालय के अधिक से अधिक विद्यार्थी आत्मनिर्भर बन सकें ।



Principal
Govt. Neveen College Bori
Dist. Durg (C.G.)

# भविष्य में शासन को भेजे जाने वाले प्रस्ताव की योजना

भविष्य में छात्र हित में निम्न प्रस्ताव शासन को भेजने की योजना है:

1. उच्च स्तरीय सुविधा युक्त कंप्यूटर लैब
2. शारीरिक विकास के लिए सुविधा सर्व सुविधा युक्त खेल का मैदान तथा आधुनिक जिम
3. कर्मचारियों के लिए परिसर में स्टाफ क्वार्टर
4. छात्र तथा छात्राओं के लिए सर्व सुविधा युक्त पृथक छात्रावास
5. विद्यार्थियों एवं स्टाफ के लिए पृथक वाहन स्टैंड
6. महाविद्यालय में बाउंड्री वॉल
7. महाविद्यालय में सोलर पैनल लगाने की व्यवस्था

(डॉ आनंद कुमार विश्वकर्मा)
प्राचार्य

Principal
Govt. Neveen College Bori
Dist. Durg (C.G.)

Government of India

Ministry of Human Resource Development

Department of Higher Education

Statistics Division

New Delhi

# Certificate

**Reference No.** C-47959-2019

This is to certify that ANAND VISHWAKARMA of GOVERNMENT NAVEEN COLLEGE, BORI has successfully uploaded the data of All India Survey on Higher Education(AISHE) 2019-2020.

( Madan Mohan )

Additional Director General

**Dated:** 10/08/2020

**Name of the signatory**

Principal

Govt. Neveen College Bori

Dist. Durg (C.G.)

# HEMCHAND YADAV VISHWAVIDYALAYA, DURG (C.G.)

(A State Government University established under Chhattisgarh Act No. 16 of 2015)
Raipur Naka, Durg (C.G.) - 491001
Email: academic@durguniversity.ac.in, Website: www.durguniversity.ac.in, Phone 0788-2359400


No.- 3845 /NAAC/Acad./2021

Durg, Date 26-07-2021

## TO WHOM SO EVER IT MAY CONCERN

This is to certify that **Government Naveen College, Bori, Distt.- Durg (C.G.)** is affiliated to the **Hemchand Yadav Vishwavidyalaya, Durg (C.G)** and the following Courses/Subjects are taught in the said College as per approved by Vishwavidyalaya Standing Committee and Executive Council.

| Sl. No | Name of the course(s) and Duration | | Affiliation: Permanent | Affiliation: Non-Permanent | Period of Validity for the year (s) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Three year B.A.- FC, Economics, Geography, Sociology | | Permanent | | 2020-21 |
| 2 | Three year B.Com. - All compulsory subjects | | Permanent | | 2020-21 |
| 3 | Three year B.Sc. | FC, Chemistry, Botany, Zoology | Permanent | | 2020-21 |
| | | FC, Chemistry, Physics, Maths | | Non-Permanent | 2020-21 |
| 4 | Two year M.A.- Sociology | | | Non-Permanent | 2020-21 |
| 5 | Two year M.Com. | | | Non-Permanent | 2020-21 |

Registrar
Hemchand Yadav Vishwavidyalaya, Durg (C.G.)

Principal
Govt. Neveen College Bori
Dist. Durg (C.G.)

## MEMORANDUM OF UNDERSTADING (MOU)

## BETWEEN

## GOVT. NAVEEN COLLEGE BORI

## &

## SAI MAHAVIDYALAYA (SAI COLLEGE), SECTOR 6, BHILAI, CHHATTISGARH

The agreement made on 28th July 2016, Thursday, between**GOVT. NAVEEN COLLEGE BORI**and **SAI MAHAVIDYALAYA (SAI COLLEGE), SECTOR 6, BHILAI, CHHATTISGARH**

### PURPOSE OF THE MOU

The general objective of this Memorandum of Understanding (MOU) is to stimulate and facilitate the development of collaborative and mutually beneficial programs which serve to enhance the intellectual life and cultural development on both campuses, and to increase academic cooperation.

### PROPOSED MODE OF COLLABORATION

**GOVT. NAVEEN COLLEGE BORI**and **SAI MAHAVIDYALAYA (SAI COLLEGE), SECTOR 6, BHILAI,** (C.G)propose to collaborate through: -

I. Participation in seminars, conferences, workshop and trainings.
II. Promoting mutual faculty exchange for academic growth.
III. Mutual visits of academic staff.
IV. Exchange of academic resources and other information.
V. Training and development of administrative and technical staff.
VI. Exchange of students.
VII. Organizing combined national & international events.
VIII. Cooperate in the exchange of information in teaching related activities of mutual interests;
IX. Promote exchange of practical experience in laboratory subjects by permitting the students to use laboratory of both campus as per their requirement

### 1. EFFECTIVE DATES AND AMENDMENTS

I. This MOU shall take effect upon signing by both parties and shall remain in effect for a period of Five (5) years from the date of signing the agreement unless terminated. Neither party may assign or transfer all or any portion of this MOU without the prior written consent of the other party.
II. The MOU may be renewed at the end of this period by mutual written agreement by both parties.

PRINCIPAL
Sai Mahavidyalaya
Bhilai (C.G.)

Principal
Govt. Neveen College Bori
Dist. Durg (C.G.)

Principal
Govt. Neveen College Bori
Dist. Durg (C.G.)

III. The provision of this MOU may only be amended or waived by mutual agreement by both parties.

IV. Any party may terminate this MOU and any related agreement for reason by giving thirty (30) days prior written notice to the other party.

2. **RELATIONSHIP**

Nothing in this MOU shall be constructed to make either party, a partner, an agent or legal representative of the other for any purpose.

3. **SIGNED IN DUPLICATE**

By signing below, the parties, acting by their duly authorized officers have caused this memorandum of Understanding to be executed as of the day and year, first written above.

On behalf of:

PRINCIPAL
Sai Mahavidyalaya
Bhilai (C.G.)

**PRINCIPAL**
**SAI MAHAVIDYALAYA**
**SECTOR 6, BHILAI (C.G)**

On behalf of:

Principal
Govt. Naveen College Bori
Dist. Durg (C.G.)

**PRINCIPAL**
**GOVT. NAVEEN**
**COLLEGE BORI**
**DURG (C.G)**

Principal
Govt. Neveen College Bori
Dist. Durg (C.G.)

# DEV SANSKRITI COLLEGE OF EDUCATION & TECHNOLOGY

Khapri, Dhamdha Road, Post- Jewra Sirsa, Distt.-Durg, Durg (C.G.)

Affiliated to Hemchand Yadav Vishwavidyalaya , Durg (C.G.)

Website: www.dscet.org, Email - enquiry@dscet.org Mobile: 9826168962,7400606011

(Founded & Managed by Ved Mata Gayatri Shikshan Samiti, Regd. No. -1553/20/11/2006)


**S.No. DSCET/MOU letter/2020/1230** **Date: 12/11/2020**

प्रति,

प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय बोरी
जिला – दुर्ग (छ.ग.)

विषयः– अध्यापन एवं अन्य पाठयोत्तर कार्य सबंधी अनुबंध (MOU) करने बाबत्।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत सादर लेख है कि देव संस्कृति कॉलेज ऑफ एजुकेशन एण्ड टेक्नोलॉजी, खपरी दुर्ग (छ.ग.) और आपके संस्था के मध्य अध्यापन एवं अन्य पाठ्योत्तर गतिविधि के कुशल संचालन हेतु महाविद्यालय स्तर पर अनुबंध (MOU) करना स्वीकार करते है। अतः अपनी स्वीकृति प्रदान करने का कष्ट करें। महाविद्यालय गतिविधियों से संबंधित वि.वि. अनुदेशों, नियमो का पालन किया जायेगा।

सधन्यवाद!

भवदीय
डॉ.कुबेर सिंह गुरूपंच
प्राचार्य
मों.नं. 8819973232
kubergurupanch@gmail.com
officedscet@gmail.com

Principal
Govt. Neveen College Bori
Dist. Durg (C.G.)

Principal
Dev Sanskriti College of
Edu. & Tech. Khapri, Durg